भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2527
दिनांक 10 अगस्त 2026

अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए कच्चे तेल और एलपीजी की दरें

2527 # **श्री रामजी लाल सुमनः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की दर कम होने के बाद भी देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में कमी नहीं की जा रही है;

(ख) विगत 3 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए कच्चे तेल एवं एलपीजी की दरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत 3 वर्षों के दौरान आयात किए गए कच्चे तेल तथा एलपीजी की मात्रा का देश-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दरें कम होने के उपरांत भी घरेलू उपभोक्ताओं को उसका लाभ समय पर न देने के क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) देश में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं।

संघर्षों और अन्य बाह्य कारकों/घटनाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल और उत्पाद के मूल्यों में अभूतपूर्व अस्थिरता के बावजूद भी भारत में खुदरा बिक्री केंद्रों पर जून 2021 और जून 2026 के बीच पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में वृद्धि, प्रमुख विकसित और पड़ोसी देशों की तुलना में बहुत कम रही है, जो निम्नानुसार है:

क्र.सं.	देश	जून-21 और जून-26 के बीच पेट्रोल की मूल्यों में % बढ़ोतरी	जून-21 और जून-26 के बीच डीज़ल की मूल्यों में % बढ़ोतरी
1	**भारत (दिल्ली)**	**8.1**	**11.5**
2	फ़्रांस	59.9	71.2
3	जर्मनी	51.1	63.0
4	इटली	44.5	65.5
5	स्पेन	34.4	58.0
6	यूके	46.9	62.5
7	कनाडा	41.5	70.0
8	यूएसए	70.6	97.4
9	पाकिस्तान (लाहौर)	160.6	148.9
10	बांग्लादेश (ढाका)	46.3	59.0
11	श्रीलंका (कोलंबो)	148.6	207.1
12	नेपाल (काठमांडू)	76.0	111.8

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

भारत, घरेलू एलपीजी के सिलिंडर, विश्व के सबसे कम प्रभावी मूल्यों में से एक मूल्य पर उपलब्ध कराता है। भारत के पड़ोसी देशों में दिनांक 05.08.2026 को घरेलू एलपीजी सिलिंडर के प्रभावी मूल्य निम्नानुसार है:

देश	**घरेलू एलपीजी (रु./14.2 कि.ग्रा.सिलेंडर)**
भारत	642.00*
पाकिस्तान	1240.50
श्रीलंका	1459.40
नेपाल	1293.71

*7 जून 2026 से प्रभावी, दिल्ली में पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए प्रभावी लागत, गैर-पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी लागत 942 रुपए है।
स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

घरेलू एलपीजी की खुदरा बिक्री मूल्य जून 2026 से 942 रुपये प्रति 14.2 किलो सिलेंडर (दिल्ली) पर बने हुए हैं, जिसमें जून 2026 में प्रति 14.2 किलो सिलेंडर पर 700 रुपए से अधिक की और जुलाई 2026 के दौरान 500 रुपये प्रति सिलेंडर की निहित राजसहायता (अल्प वसूली) शामिल थी। अगस्त 2026 के महीने के लिए भी 14.2 किलो सिलेंडर के आरएसपी में 188 रुपए प्रति सिलेंडर की निहित राजसहायता है। 10.5 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 300 रुपए प्रति सिलेंडर की लक्षित राजसहायता के बाद प्रभावी मूल्य केवल 642 रुपए प्रति सिलेंडर (प्रति वर्ष 4 रिफिल तक) है।

सरकार देश में परिवारों को किफायती मूल्यों पर घरेलू एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, जिसके लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज को 22,000 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया है और वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 30,000 करोड़ रुपए का भुगतान कर रही है। इस मुआवजे के भुगतान के बाद भी, 31 जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार घरेलू एलपीजी पर पीएसयू ओएमसीज की संचित अल्प-वसूली 59000 करोड़ रुपए से अधिक थी।

पिछले 3 वर्षों के कच्चे तेल और एलपीजी के आयात का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए कच्चे तेल और एलपीजी की दरें' के संबंध में श्री रामजी लाल सुमन द्वारा दिनांक 10.8.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2527 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान कच्चे तेल और एलपीजी के आयात का विवरण

वर्ष	कच्चा तेल		रसोई गैस	
	मात्रा (एमएमटी)	कीमत (यूएस$ बिलियन)	मात्रा (एमएमटी)	कीमत (यूएस$ बिलियन)
2023-24	234.3	133.4	18.5	10.4
2024-25	243.2	137.2	20.7	12.5
2025-26(पी)	245.8	123.4	21.3	11.3

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) (पी): अनंतिम